हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
**रोहतक**, रविवार, 14 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 34 .3 डिग्री
न्यूनतम 25 .5 डिग्री

11 कमल कप क्रिकेट टूर्नामेंट गन्नौर और खरखौदा के बीच होगा फाइनल



12 त्योहारी सीजन में तोहफा, मऊ से अंबाला कैंट तक साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन



## खबर संक्षेप

### ट्रक के नीचे आने से बाइक सवार की मौत

खरखौदा। पीपली गांव में एक ट्रक के नीचे आ जाने से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। दोपहर के समय सिसाना निवासी अंकित (21) बाइक से अपने गांव सिसाना आ रहा था। पिपली गांव में उसने ट्रक को क्रॉस करना चाहा। इस बीच वह ट्रक की चपेट में आ गया और दुर्घटनाग्रस्त होने पर मौके पर ही मौत हो गई। जेब में मिले दस्तावेजों के आधार पर परिजनों को सूचित किया गया। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी।

### बेगा में रंजिश के चलते मजदूर पर हमला, केस

**गन्नौर।** गांव बेगा में रंजिश के चलते मजदूर पर हमला कर घायल करने का मामला सामने आया है। रियाज ने बताया कि 8 सितंबर की शाम मस्जिद में नमाज के दौरान गांव के ही मुसाहिद, उसके बेटे समीर और सोहेल ने गाली-गलौज कर लकड़ी की पटरी से हमला कर दिया। बचकर घर पहुंचने पर भी आरोपित उसके घर घुस आए और जान से मारने की धमकी दी। घायल अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया। पुलिस ने तीन के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### प्रतिबंधित प्लास्टिक के थोक विक्रेताओं पर 1.01 लाख जुर्माना

**सोनीपत।** शहर में एकल उपयोग प्लास्टिक (एसयूपी) की बिक्री और भंडारण रोकने के लिए हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और नगर निगम की संयुक्त टीम ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान छह थोक विक्रेताओं के चालान काटकर 1.01 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया और उनके पास से 154 किलो प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त किया गया।

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहायक पर्यावरण अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि अभियान के तहत कुम्हार गेट स्थित तीन, मुरथल रोड के दो और ओल्ड डीसी रोड के एक थोक विक्रेता पर कार्रवाई की गई।

### घर पर खड़ी गाड़ी का पुलिस ने भेजा चालान

**गन्नौर।** दिल्ली के मयूर विहार निवासी एक व्यक्ति उस समय हैरान रह गया, जब उसके नाम पर सोनीपत पुलिस का चालान घर पहुंचा। चालान जिस गाड़ी का था वह किया कंपनी की कार निकली, जबकि उनके पास लाल रंग की आल्टो कार है। पीड़ति अमिताभ सिन्हा ने मामले की शिकायत थाना बड़ी में दी। शिकायत में बताया कि 29 जनवरी 2025 को जीटी रोड पर पुलिस ने एक गाड़ी का चालान किया, लेकिन चालान उनके नाम पर भेज दिया गया। उन्हें आशंका है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी आल्टो का नंबर फर्जी तरीके से अपनी किया गाड़ी पर लगा रखा है

## पुलिस आयुक्त ममता सिंह की अध्यक्षता में हुई पुलिस-व्यापारी संगठनों की संयुक्त बैठक

# सभी व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों पर लगवाएं हाई क्वालिटी सीसीटीवी

शहर में आमजन और व्यापारियों के सहयोग से कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने की कवायद शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा और शहर की कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए आज लघु सचिवालय, सोनीपत के द्वितीय तल स्थित मीटिंग हॉल में पुलिस एवं व्यापारिक संगठनों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने की। बैठक में ज्वैलर्स एसोसिएशन, व्यापार मंडल एसोसिएशन, कैमिस्ट एसोसिएशन और इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सुरक्षा, नशाखोरी, अवैध अतिक्रमण और ट्रैफिक प्रबंधन जैसे अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने, दुकानों में सीमित नकदी रखने और डीवीआर को सुरक्षित स्थान पर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिष्ठानों पर पुलिस कंट्रोल रूम, डायल-112, थाना, चौकी, फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस के नंबर प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किए जाएं।



### अतिक्रमण पर कार्रवाई से सुधरेगी ट्रैफिक व्यवस्था

ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए काठ मंडी और अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सामान के लोडिंग-अनलोडिंग का समय रात को तय करने की बात कही गई। ई-रिक्शा व ऑटो चालकों के लिए अलग स्थान तय करने हेतु उपायुक्त से विमर्श होगा। स्कूल टाइम और सीजन के दौरान अतिरिक्त ट्रैफिक पुलिस तैनात करने का भी आश्वासन दिया गया। नगर निगम के साथ मिलकर अतिक्रमणकारियों पर सख्त कार्रवाई करने और जुर्माना लगाने की योजना भी बनाई गई है।

### व्यापारिक संगठनों ने पुलिस के सामने उठाए कई मुद्दे

बैठक में व्यापारिक संगठनों ने कई मुद्दे उठाए। काठ मंडी संगठन ने लोडिंग-अनलोडिंग समस्या, कच्चे क्वार्टर संगठन ने बच्चों की नशाखोरी व चोरी, व्यापार मंडल ने नगर निगम के खराब कैमरों व गोहाना व्यापार मंडल ने नई अनाज मंडी के सामने ट्रैफिक जाम, केमिस्ट एसोसिएशन ने साधु के भेष में घूमने वाले संदिग्ध की जांच की मांग रखी। स्वर्णकारों ने गश्त व कैमरों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता जताई।

### निगम से समन्वय कर जल्द ठीक करवाएंगें कैमरे

पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने सभी समस्याओं का संज्ञान लेते हुए आश्वासन दिया कि नगर निगम से समन्वय कर खराब कैमरे जल्द दुरुस्त कराए जाएंगे। संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखने के लिए ऑपरेशन आक्रमण अभियान जारी रहेगा और व्यापारिक क्षेत्रों में गश्त और मजबूत की जाएगी। उन्होंने बताया कि हाल ही में सोनीपत पुलिस ने 11 मुठभेड़ों में अपराधियों को दबोचा है और हरियाणा में सबसे अधिक मात्रा में नशा सोनीपत से बरामद हुआ है।



### सीसीटीवी लगाकर गांवों की सुरक्षा करें मजबूत

**गन्नौर।** थाना प्रभारी निरीक्षक धीरज कुमार ने शनिवार को सरपंचों के साथ बैठक की। उन्होंने सरपंचों को पुलिस के साथ तालमेल बनाने की अपील की।ग्राम पंचायत शासन की सबसे छोटी इकाई है और वह अपने गांव की एक स्वतंत्र सरकार के रूप में कार्य करती है। ऐसे में गांव को सुरक्षित बनाने के लिए जरूरी स्थानों पर सीसीटीवी जरूर लगवाएं, ताकि अपराध पर लगाम लग सके। थाना प्रभारी ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस का सहयोग करें और पुलिस प्रशासन का भी उन्हें पूरा सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि गांवो में संदिग्ध व्यक्तियों की यदि जानकारी मिलती है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि अपराध से पहले ही उसे रोका जा सके।

### चोरी का माल खरीदने वालों की अब खैर नहीं : आयुक्त

किरायेदारों और कर्मचारियों की अनिवार्य पुलिस वेरिफिकेशन कराने की हिदायत देते हुए उन्होंने चेतावनी दी कि चोरी का माल खरीदने वाले के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई होगी। नशाखोरी के खिलाफ सख्त अभियान चलाने पर जोर देते हुए पुलिस आयुक्त ने कहा कि नशीले पदार्थों की बिक्री और सेवन की सूचना तुरंत पुलिस को दी जाए। उन्होंने बताया कि अब तक 400 से अधिक बाहरी लोगों को वेरिफिकेशन के बाद वापस भेजा गया है।

**ये रहे मौजूद:** बैठक में पुलिस उपायुक्त परबिना पी (पूर्वी जोन), पुलिस उपायुक्त भारती डबास (गोहाना), पुलिस उपायुक्त नरेन्द्र कादियान (क्राइम), पुलिस उपायुक्त कुशल सिंह (पश्चिमी जोन), सहायक पुलिस आयुक्त अजीत सिंह (मुख्यालय), सहायक पुलिस आयुक्त राजदीप मोर (शहर-1), सहायक पुलिस आयुक्त जीत सिंह (शहर-2), सहायक पुलिस आयुक्त देवेंद्र सिंह (मोहाना), सहायक पुलिस आयुक्त ऋषिकांत (गन्नौर), सहायक पुलिस आयुक्त राजपाल सिंह (क्राइम), सहायक पुलिस आयुक्त अमित धनखड़ (ट्रैफिक), सहायक पुलिस आयुक्त विपिन कुमार (राई) सहित विभिन्न संगठन प्रतिनिधि पवन तनेजा, नवीन कौशिक, राजेंद्र वर्मा, विनोद जैन, प्रदीप चहल, अजीत जैन, धीरज चौधरी आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। फुट पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस आयुक्त एवं अन्य अधिकारी।

## आयुक्त ने की पैदल पेट्रोलिंग लोगों को दिया सुरक्षा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

शहर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए सोनीपत पुलिस ने पैदल गश्त अभियान तेज कर दिया है।

शुक्रवार शाम पुलिस आयुक्त ममता सिंह ने पुलिस उपायुक्त नरेंद्र कादयान, पुलिस उपायुक्त कुशल सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त अजीत सिंह व पुलिस टीम के साथ कोट मोहल्ला और सेक्टर-14 मार्केट में फुट पेट्रोलिंग की। गश्त के दौरान पुलिस आयुक्त ने दुकानदारों और स्थानीय नागरिकों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें सुरक्षा का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि सुरक्षा का असली अहसास केवल पुलिस की मौजूदगी से नहीं, बल्कि उसकी सक्रियता और जनता से संवाद से उपजता है। इसी सोच के तहत सोनीपत पुलिस शहरी, कस्बाई और ग्रामीण इलाकों में नियमित पैदल गश्त अभियान चला रही है।

### प्रभावशाली पुलिसिंग तकनीक है पैदल गश्त

अभियान के तहत अपराधियों पर सीधी निगरानी रखने, आमजन से संवाद स्थापित कर विश्वास बढ़ाने और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा का माहौल बनाने पर जोर दिया जा रहा है। पैदल गश्त से न केवल असामाजिक तत्वों में भय का वातावरण बनता है बल्कि नागरिकों का पुलिस पर भरोसा भी बढ़ता है। पुलिस आयुक्त ने कहा कि पैदल गश्त एक पुरानी लेकिन बेहद प्रभावशाली पुलिसिंग तकनीक है, जो अपराध की रोकथाम के साथ-साथ समाज से संवाद को भी मजबूत करती है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस जनता के बीच रहकर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करेगी और कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी।



गोहाना। नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद ग्रहण शपथ दिलाते हुए आनंद शर्मा।

## सर्वसम्मति से नवीन अध्यक्ष व सोनिका चुनी गई उपाध्यक्ष

- गोहाना में जींद मार्ग स्थित नगर परिषद पार्क में मिड डे मील वर्कर्स की बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

शनिवार को शहर में जींद मार्ग स्थित नगर परिषद पार्क में मिड डे मिल वर्कर्स की गोहाना तहसील इकाई की जनरल बॉडी बैठक आयोजित हुई। बैठक में विचारविमर्श के बाद यूनियन की गोहाना तहसील इकाई का चुनाव करवाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनियन की जिला अध्यक्ष सुनीता ने की जबकि संचालन जिला सचिव रेखा ने किया। यूनियन का चुनाव सीटू नेता आनंद शर्मा, यूनियन नेता सुनीता और रेखा की देखरेख में करवाया गया। चुनाव में सर्वसम्मति से नवीन को अध्यक्ष, सोनिका को उपाध्यक्ष, अंजू को सचिव, कमलेश को सह सचिव और रेखा को कोषाध्यक्ष चुना गया। कार्यकारिणी में सुमित्रा, जगमति, संतरा और ज्योती को सदस्य चुना गया। सीटू के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने कहा कि मिड डे मील वर्करों को पक्के कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। जब तक उनको कर्मचारी का दर्जा नहीं दिया जाता तब तक 26 हजार रुपये न्यूनतम वेतन लागू किया जाए। बैठक को सर्व कर्मचारी संघ गोहाना खंड के सचिव सुरेश यादव ने भी संबोधित किया।

## होमवर्क न करने पर छात्रा से क्लासरूम में लगवाया पोंछा

- दोनों पक्षों से की जाएगी बातचीत, जांच में जो सामने आएगा, उसी अनुसार की जाएगी कार्रवाई : पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

क्षेत्र के एक निजी स्कूल में होमवर्क न करने पर पांचवीं कक्षा की बच्ची से क्लासरूम में पोछा लगवाया गया। छात्रा की मां का आरोप है कि प्राचार्या ने उसकी बेटी को दूसरी कक्षा में ले जाकर छोटे बच्चों से शेम-शेम बुलवा बुलवाया। छात्रा की मां ने इस संबंध में पुलिस, शिक्षा विभाग के अधिकारियों और उपायुक्त को शिकायत दी। इसके साथ में सीएम व केंद्रीय शिक्षा मंत्री को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की। एक महिला ने पुलिस को शिकायत दी है कि उसकी बेटी एक निजी स्कूल में पढ़ती है। बुखार के कारण वह 29 अगस्त को अपना होमवर्क पूरा नहीं कर पाई थी। उस दिन स्कूल गई तो प्राचार्य ने उनकी बेटी के साथ अमानवीय व्यवहार किया। उसकी बेटी से क्लासरूम में पोछा लगवाया। उसके बाद दूसरे बच्चों से शेम-शेम बुलवाया। प्राचार्य ने धमकी दी कि अगर वह भविष्य में फिर से होमवर्क नहीं करेगी, तो उसे नंगा करके स्कूल में घुमाया जाएगा और उसके बाल काटकर गंजा कर दिया जाएगा। महिला का कहना है कि चिकित्सक ने जांच कराने पर कहा कि उनकी बेटी गहरे सदमे में है और स्कूल बदलने की सलाह दी। महिला के अनुसार अब वह बेटी को स्कूल भेजने की कोशिश करती हैं, तो वह रोने लगती है। बरोदा थाना के प्रभारी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। इस संबंध में उपायुक्त को भी शिकायत दी गई है। दोनों पक्षों से सोमवार को स्कूल में बातचीत की जाएगी। जांच में जो सामने आएगा उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## मादक पदार्थ तस्करी में बिचपड़ी का राम सिंह गिरफ्तार

- सीआईए ने भारी मात्रा में चरस और अफीम बरामद की, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

क्राइम इंवेस्टिगेशन एजेंसी (सीआईए) की गोहाना पुलिस टीम ने मादक पदार्थ तस्करी के मामले में आरोपित गांव बिचपड़ी के राम सिंह को गिरफ्तार किया। उसके पास से भारी मात्रा में चरस व अफीम बरामद की। न्यायालय के आदेश पर उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। सीआईए के प्रभारी वीरेंद्र ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक विनोद पुलिस टीम के साथ गश्त के दौरान गांव बिचपड़ी के नजदीक पहुंचे। सूचना मिली कि राम सिंह के पास भारी मात्रा में चरस है और वह उसे बेचने के लिए बिचपड़ी से जागसी रोड स्थित रजबाहा की पुलिया पर किसी के इंतजार में बैठा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे काबू किया। उसके पास थैला मिला, जिसमें नशीला पदार्थ था। पुलिस ने उससे 3.124 किलोग्राम चरस व 428 ग्राम अफीम बरामद की। आरोपित के विरुद्ध सदर थाना में केस दर्ज किया गया।

## हाइवे किनारे अर्धनग्न युवक का शव मिलने से हड़कंप, हत्या की आशंका

- होटल सरोवर पोर्टिको के पास पड़ा था शव, पुलिस जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

बहालगढ़ से मुरथल मार्ग पर होटल सरोवर पोर्टिको के पास शनिवार को एक युवक का अर्धनग्न शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव पर जलाने के गहरे निशान थे, जिससे आशंका है कि युवक की हत्या कर उसे खुर्द-बुर्द करने की कोशिश की गई है। हनुमान नगर निवासी मनोज शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह आरबीआई कंपनी, बहालगढ़ में कार्यरत हैं। शुक्रवार को काम से बहालगढ़ आए थे और मुरथल जाने के लिए ऑटो में सवार हुए। रास्ते में जब वह होटल के निकट लघुशंका के लिए उतरे तो वहां कूड़ा बीन रही एक महिला ने नीम के पेड़ के पास शव पड़े होने की सूचना दी। मौके पर जाकर देखा तो युवक का शव केवल नीले रंग के अंडरवियर में था और उसके चेहरे व सीने पर आग के गहरे निशान थे। सूचना पाकर बहालगढ़ थाना पुलिस तुरंत पहुंची और फॉरेंसिक टीम को जांच के लिए बुलाया गया। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर साक्ष्य जुटाए। हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं और स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

### 20 से 25 वर्ष है उम्र

आईओ अनिल ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 20 से 25 वर्ष है। शव की शिनाख्त पहली चुनौती है, जिसके लिए गुमशुदा व्यक्तियों की सूची से मिलान कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होंगे। इस वारदात ने क्षेत्र में दहशत फैला दी है। राहगीरों का कहना है कि शव की हालत साफ संकेत दे रही है कि युवक की हत्या कर सबूत मिटाने की नीयत से जलाने की कोशिश की गई।

South Point
GROUP OF INSTITUTIONS, SONIPAT
Run by Mange Ram Educational and Charitable Trust (Regd.)
98120 20033, 98124 21919, 90344 72910
DILBAG S. KHATRI
CHAIRMAN
98120 20033
Last Date for Admission
15th Sept. 2025
- B.Tech / LEET (CSE, ECE, Mechanical, Civil)
- M.Tech (CSE, ECE) • M.Tech Part Time (ECE / CSE)
- Diploma / LEET (CSE, ECE, Electrical, Mechanical, Civil, MLT)
- BBA, BCA, MBA, MCA
- B.A. LL.B (Hons.), L.L.B. (Hons.), LLM (Hons.)
- B.A., B.Sc. (Medical/ Non-Med.), B.Com, M.Com, PGD (Yoga)
- M.Sc. (Physics, Chemistry, Maths)
- M.A. (English, Hindi, History, Pol. Sc.)
- B.Ed., M.Ed., JBT / D.Ed., B.P.Ed.
- D.Pharm, B.Pharm / Leet
- B.Sc. (Nursing)
- CBSE Affiliated, Sr. Sec. Schools
www.southpoint.net.in
DIRECT ADMISSION
Sunday Open
Sector-20, Purkhas Road, Sonepat (Hr.)

## 16 हजार 884 मामलों का किया निपटारा 6.65 करोड़ की राशि का किया निस्तारण

### जिले में शनिवार को हुआ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

चालान के 8618 मामलों में 1 करोड़ 14 लाख 18 हजार 200 की वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जिला न्यायालय सोनीपत सहित उपमण्डल गोहाना, गन्नौर व खरखौदा न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की अध्यक्ष डॉ. नरिंदर कौर के निर्देशन में हुआ। लोक अदालत की बेंचों में अतिरिक्त जिला व सत्र न्यायाधीश डॉ. नरिंदर कौर, अतिरिक्त प्रिंसिपल जज (फैमिली कोर्ट) ललिता पटवर्धन, अतिरिक्त जिला व सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार मान, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नेहा गोयल, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी आजाद सिंह व आकांक्षा सैनी, खरखौदा में एसडीजेएम विक्रांत, गन्नौर में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सागर शर्मा और गोहाना में न्यायिक दंडाधिकारी कोमल राव की बेंच शामिल रही। इसके अलावा पुलिस विभाग (कमिश्नर कार्यालय), जिला राजस्व अधिकारी, तहसीलदार सोनीपत, गोहाना, गन्नौर, खरखौदा, खानपुर व राई की बेंचों द्वारा राजस्व और अन्य सहायक मामलों का निपटारा किया गया। साथ ही जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, सोनीपत द्वारा उपभोक्ता मामलों का भी समाधान किया गया।



सोनीपत। लोक अदालत के दौरान मामलों का निपटारा करते न्यायधीश।

### मोटर दुर्घटना क्लेम के 33 मामले निपटाए

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव प्रचेता सिंह ने जानकारी दी कि इस लोक अदालत में कुल 16 हजार 884 मामलों का आपसी सहमति से निपटारा किया गया, जिनमें 6 करोड़ 65 लाख 39 हजार 580 रुपये की राशि का निस्तारण हुआ। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में मोटर दुर्घटना क्लेम के 33 मामलों का निपटारा हुआ, जिनमें 2 करोड़ 61 लाख 82 हजार 730 रुपये की समझौता राशि तय की गई। इसके अलावा 8 हजार 618 चालान मामलों का निपटारा करते हुए 1 करोड़ 14 लाख 18 हजार 200 रुपये वसूले गए। फौजदारी के 138, सिविल के 341, वैवाहिक विवाद संबंधी 211 और चेक बाउंस के 184 मामलों का निपटान हुआ, जिनसे 32 लाख 62 हजार 330 रुपये की राशि का समाधान किया गया। जिला एडीआर सेंटर में स्थाई लोक अदालत के माध्यम से विभिन्न बैंकों के रिकवरी संबंधी 56 मामलों का भी निपटारा किया गया।

THE VEDIC ERA
PROGRESSIVE SCHOOL
RATANGARH, SONIPAT
AFFILIATED TO CBSE, NEW DELHI
REQUIRES
Well-qualified, smart, dedicated, convent-educated, trained (B.Ed.) and experienced teachers
- PGTs — Salary: Rs. 65,000/-
  - Mathematics
  - English
- TGTs — Salary: Rs. 55,000/-
  - Mathematics & Science Combination
  - English & Social Science Combination
  - Hindi & Sanskrit Combination
- NTTs, Mother Teachers, PTIs — Salary: Rs. 40,000/-
EMOLUMENTS NO BAR FOR EXPERIENCED AND REALLY DESERVING CANDIDATES
It is compulsory for the teachers to be fluent in speaking English
Kindly submit your Resume (with your Latest photograph and all details) at the School Reception within 5 days (on any working day between 9.00 am and 1.00 pm) or e-mail your Resume to:
thevediceraschool@gmail.com

## खबर संक्षेप

### समूह बनाकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं



**सोनीपत।** कृषि विज्ञान केंद्र, जगदीशपुर में फसल अवशेष प्रबंधन के तहत कृषि यंत्रों का योगदान विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वैज्ञानिक डॉ. जेएस बामल ने बताया कि फसल अवशेष जलाना वातावरण, मृदा, स्वास्थ्य व जीव जंतुओं के लिए हानिकारक है। परियोजना समन्वयक डॉ. कुलदीप दहिया ने बताया कि मृदा की उर्वरा शक्ति बढ़ाने के लिए कृषि यंत्रों की मदद से फसल अवशेष को खेत में दबाया जा सकता है।

### दोदवा के विनोद का दिव्यांग क्रिकेट टीम में चयन



**सोनीपत।** सोनीपत जिले के गांव दोदवा के विनोद कुमार ने एक बार फिर जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है। उनका चयन भारतीय दिव्यांग क्रिकेट टीम में हुआ है, जो आगामी 21 सितम्बर से 27 सितम्बर 2025 तक हैदराबाद में आयोजित होने वाली राजीव गांधी चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लेगी।
विनोद कुमार कई बार भारत की ओर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं और वर्तमान में हरियाणा दिव्यांग क्रिकेट टीम के नियमित खिलाड़ी हैं। वह शुगर मिल में कार्यरत हैं।

### हिंदी दिवस पर दोहा लेखन प्रतियोगिता



**सोनीपत।** हिन्दी दिवस के अवसर पर छोटूराम आर्य महाविद्यालय सोनीपत के हिन्दी विभाग द्वारा दोहा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ. जितेन्द्र फोर के सान्निध्य में किया गया। छात्रों ने प्रतियोगिता में बढ़चढ़ हिस्सा लिया। किसी छात्र ने कबीर के दोहे, किसी ने रहीम के दोहे तो वहीं किसी ने अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्वयं रचित दोहे भी लिखे। इस अवसर पर हिन्दी विभाग की सभी प्राध्यापिकाएं उपस्थित रही।

### टूटी सड़कों पर हेल्मेट पहनकर किया प्रदर्शन



सोनीपत। आम आदमी पार्टी हरियाणा के सोनीपत लोकसभा क्षेत्र अध्यक्ष एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी देवेन्द्र गौतम ने शहर की जर्जर सड़कों पर गहरे गड्ढों में बैठकर अनोखे अंदाज में प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि करोड़ों रुपये खर्च कर बनी सड़कें दो साल भी नहीं टिक पाईं और आज खस्ताहाल हो चुकी हैं।
गौतम ने सरकार और प्रशासन से सवाल किया कि घटिया निर्माण सामग्री की जिम्मेदारी कौन लेगा और ठेकेदारों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जाती है।

---

*प्रतिभागी छात्राओं ने हिंदी देश की आन-बान-शान पर विचार व्यक्त किए*

# हिंदी दिवसः स्कूलों में प्रतियोगिताएं आयोजित, विजेता किए सम्मानित

**हिंदी भाषा का ज्यादा प्रयोग करने के लिए किया प्रेरित**

## टीकाराम कन्या कॉलेज में भाषण प्रतियोगिता में छाया प्रथम, तनिशा द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

टीकाराम कन्या महाविद्यालय में शनिवार को हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर हिंदी विभाग द्वारा हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें कॉलेज छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कॉलेज प्राचार्या गीता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभआरंभ किया व छात्राओं को हिंदी भाषा के महत्व को अवगत कराया। साथ ही छात्राओं को हिंदी भाषा का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।

प्रतिभागी छात्राओं ने हिंदी की महत्ता, रोजगार के क्षेत्र में हिंदी के बढ़ते कदम, राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर हिंदी देश की आन बान शान पर विचार व्यक्त किए। निर्णायक मंडल में डॉ. आशा रानी व डॉ. प्रवेश रापड़िया रही। छात्रा छाया (एमए इतिहास प्रथम वर्ष) ने प्रथम तनिशा व कोमल ने द्वितीय तथा निशु व सोनल ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। नैंसी व निशिता को सांत्वना पुरस्कार मिला। कॉलेज प्राचार्या व समस्त हिंदी विभाग ने विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मंच संचालन डॉ. नीलम दहिया ने किया।



**सोनीपत।** विजेता विद्यार्थियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य। *फोटो :हरिभूमि*



**खरखौदा।** प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी शिक्षकों के साथ। *फोटो :हरिभूमि*




**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में हिंदी दिवस के महत्व को स्लोगन के माध्यम से प्रदर्शित करती छात्राएं। *फोटो :हरिभूमि*

### हिंदी भाषा ने स्वतंत्रता दिलाने में निभाई अहम भूमिका

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में हिंदी दिवस बड़े उत्साह और ऊर्जा के साथ मनाया गया। इस मौके पर स्कूल में क्विज, भाषण, स्लोगन लेखन, कविता पाठ व निबंध प्रतियोगिता सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने हिंदी भाषा के महत्व को रेखांकित करते हुए अपनी प्रतिभा का जीवंत प्रदर्शन किया। समारोह में शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे मातृभाषा हिंदी को सम्मान दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे। स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा व उप प्राचार्या रूना दास ने दीप प्रज्वलित कर हिंदी दिवस समारोह का शुभारंभ किया और सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी। प्राचार्या गीता चोपड़ा ने कहा कि हिंदी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि हम अपनी मातृभाषा को गौरव प्रदान करें और उसके प्रयोग को बढ़ावा दें।

### निबंध लेखन में अंजली प्रथम

**खरखौद।** शहीद दलबीर सिंह राजकीय महाविद्यालय पीपली में प्राचार्या डॉ तराना नेगी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के लिए हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस के उपलक्ष में कविता वाचन प्रतियोगिता एवं अंग्रेजी विभाग द्वारा सोशल मीडिया का विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव विषय पर निबंध लेखन का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं का आयोजन सहायक प्राध्यापक डॉ रजनेश व डॉ बीना की देखरेख में किया गया। जिसमें लगभग पैंतीस विद्यार्थियों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका सहायक अध्यापिका मनोविज्ञान गीता शर्मा, डॉ संगीता मान व डॉ योगेन्द्र द्वारा निभायी गई। निबंध लेखन प्रतियोगिता में अंजली ने प्रथम,आयुष ने द्वितीय व दीपांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता वाचन में बेबी ने प्रथम, दीपांशु ने द्वितीय , दीपांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



**खरखौदा।** छात्राओं को सम्मानित करते इंचार्ज किरण सरोहा। *फोटो :हरिभूमि*

## हिंदी निबंध लेखन में खुशबू व पोस्टर मेकिंग में आंचल प्रथम

- हिंदी साप्ताहिक कार्यक्रम छात्राओं के कौशल में सुधार और वृद्धि करने वाला रहा : सरोहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरखौदा

कन्या महाविद्यालय खरखौदा में प्राचार्या डॉ. तराना नेगी के निर्देशन और इंचार्ज डॉ. किरण सरोहा के नेतृत्व में हिंदी विभाग द्वारा 8 से 13 सितंबर के बीच आयोजित हिंदी साप्ताहिक कार्यक्रमों का शनिवार को हिंदी विभाग प्रभारी डॉ. प्रमिला के नेतृत्व में समापन किया गया। समापन पर छात्राओं ने हिंदी भाषण और हिंदी कविता पाठ में भाग लिया। साप्ताहिक कार्यक्रमों में महाविद्यालय की बीए, बीसीए तथा एमए भूगोल की छात्राओं ने हिंदी निबंध लेखन, मुहावरा लेखन, नारा लेखन, पोस्टर बनाओ, कहानी वाचन तथा हिंदी कविता पाठ और भाषण प्रतियोगिताओं में उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. किरण सरोहा ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी विभाग द्वारा आयोजित किया गया यह हिंदी साप्ताहिक कार्यक्रम वास्तव में ही छात्राओं के विभिन्न कौशलों में सुधार एवं वृद्धि करने वाला तथा उनके व्यक्तित्व में विकास का भी महत्वपूर्ण माध्यम रहा है। छात्राओं ने विभिन्न क्रियात्मक और रचनात्मक स्पर्धाओं में भागीदारी करके इस कार्यक्रम को सफल बनाया है। हिंदी साप्ताहिक कार्यक्रम में हिंदी मुहावरा लेखन में डॉ.सीमांत ने निर्णायक की भूमिका निभाई, हिंदी पोस्टर तथा कहानी वाचन में डॉ.सारिका तथा हिंदी निबंध, स्लोगन लेखन, कविता तथा भाषण में ममता ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिताओं में हिंदी निबंध लेखन में खुशबू, पोस्टर मेकिंग में आंचल, नारा लेखन में तनु दहिया, हिंदी मुहावरा लेखन में तनुशा, कहानी वाचन में मुस्कान, हिंदी भाषण और कविता पाठ में जैस्मिन प्रथम रही। सभी छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

---

# प्रताप स्कूल की निशिता सिंह स्टेट संभाव ओलम्पियाड में तृतीय रही

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरखौदा

प्रताप स्कूल खरखौदा की प्रतिभावान छात्रा निशिता सिंह ने स्टेट संभाव ओलम्पियाड में तीसरा स्थान प्राप्त कर सोनीपत जिले और विद्यालय का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता मानवता और नैतिक शिक्षा पर आधारित थी, जिसका आयोजन स्टेट सतयुग दर्शन ट्रस्ट द्वारा फरीदाबाद में किया गया। निशिता को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 2100 रुपये नकद पुरस्कार एवं मैरिट प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रांगण में उनके सम्मान में आयोजित स्वागत समारोह में संस्थापक सतप्रकाश नम्बरदार, प्राचार्या दया दहिया तथा अध्यापिका विनोद बाल्याण ने निशिता का अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्राचार्या दया दहिया ने कहा कि निशिता ने यह सिद्ध कर दिया कि यदि बच्चों को उचित मार्गदर्शन, प्रोत्साहन और अवसर मिले, तो वे हर क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकते हैं। निशिता की इस उपलब्धि के पीछे उसकी कड़ी मेहनत, परिवार का सहयोग और शिक्षकों का मार्गदर्शन है।



**खरखौदा।** निशिता को सम्मानित करते हुए स्कूल संस्थापक।

# इंडियन स्कूल का ओवरऑल चैंपियनशिप पर कब्जा

*सीबीएसई नॉर्थ जोन-II जूडो चैंपियनशिप का सफल समापन*

- हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश व जम्मू से 600 ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

इंडियन स्कूल सोनीपत में 5 से 7 सितम्बर तक आयोजित सीबीएसई नॉर्थ जोन-II जूडो चैम्पियनशिप का सफल समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश और जम्मू से लगभग 600 जूडो खिलाड़ियों ने भाग लिया। शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडियन स्कूल सोनीपत ने 9 स्वर्ण, 2 रजत और 6 कांस्य पदक जीतकर ओवरऑल चैम्पियनशिप अपने नाम की। इसमें अंडर-11 वर्ग में अंश (25 किग्रा, स्वर्ण), हर्स्वी (25 किग्रा, स्वर्ण), काव्या (-30 किग्रा, रजत), रेहा (40 किग्रा, रजत), भूमिका (35 किग्रा, कांस्य) और शिवांस (40 किग्रा, कांस्य) ने पदक जीते। अंडर-14 वर्ग में पावनी (36 किग्रा, स्वर्ण) और आयुष्मान (35 किग्रा, कांस्य) ने स्कूल का मान बढ़ाया। अंडर-17 वर्ग में सृष्टि (57 किग्रा, स्वर्ण), अंश (50 किग्रा, स्वर्ण), गर्वनीत (55 किग्रा, स्वर्ण), लवनीत (63 किग्रा, कांस्य), शौर्य (66 किग्रा, कांस्य) और तपस्वी (60 किग्रा, कांस्य) ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं अंडर-19 वर्ग में ईशान ने 81 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय, जिला, माता-पिता और कोच का नाम रोशन किया। विद्यालय प्राचार्य राजेन्द्र सिंह ने विजेता खिलाड़ियों और जूडो कोच सतपाल गुलिया को बधाई दी और विश्वास जताया कि ये जूडो खिलाड़ी नेशनल स्तर पर भी चमक बिखेरेंगे। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक नीलम, भूपेन्द्र सांगवान, सुरेन्द्र शास्त्री व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



**सोनीपत।** विजेता खिलाड़ियों के साथ विद्यालय प्रबंधक एवं अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

### सरकार ने जारी किया ये आदेश

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कॉलेज सोनीपत में राज्य स्तरीय साहित्य महोत्सव साहित्य के रंग 25 का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजक संगीता शर्मा रहीं। आयोजन की शुरुआत प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह ने दीप प्रज्वलन से की। कार्यक्रम में कविता पाठ, वाद-विवाद, हरियाणवी कविता, उर्दू कविता, संस्कृत श्लोकोच्चारण और भाषण जैसी प्रतियोगिताएं करवाई गईं। निर्णायक मंडल में कमलेश चोपड़ा, रोजी चोपड़ा, अर्चना कक्कड़, डॉ. वंदना मलिक, रोहिणी मदन और डॉ. नवीन कुमारी शामिल रहे। विजेताओं में अंग्रेजी कविता पाठ में तनवी ग्रोवर, हिंदी कविता में काजल और नितिन, संस्कृत श्लोक में सलोनी, संस्कृत डिक्लेमेशन में प्रिया, उर्दू कविता में नैना, हरियाणवी कविता में नितिन और जतिन, हिंदी डिबेट (फॉर द मोशन) में प्रिया तथा हिंदी डिबेट (एगेंस्ट द मोशन) में जतिन प्रथम स्थान पर रहे। इस मौके पर जीवीएम संस्थाओं के प्रधान डॉ. ओपी परुथी, प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह, उप प्राचार्य डॉ. सुमन नासा, मोनिका वर्मा, अर्चना खुराना, बबीता आदि मौजूद रहे।



**सोनीपत।** विजेताओं को सम्मानित करती प्राचार्या एवं अतिथिगण।



**खरखौदा।** लोक अदालत में मामले को निपटाते माननीय न्यायाधीश।

### सौ से अधिक मामले निपटाए

**खरखौदा।** राष्ट्रीय लोक अदालत अभियान के दौरान खरखौदा न्यायालय में भी सीनियर डिवीजन न्यायाधीश माननीय विक्रांत ने लोक अदालत लगाई। जिसमें 100 से अधिक मामलों का निपटारा मौके पर ही किया गया। इस मामले में जिन लोगों के चालान ड्रिंक एंड ड्राइव के तहत थे, उन्हें कम राहत मिली है, क्योंकि उनकी लापरवाही के कारण सड़क दुर्घटना हो सकती थी और बड़ा हादसा भी हो सकता था। इसीलिए उनको चेतावनी भी दी है कि अगर ड्रिंक एंड ड्राइव वाले चालक का दोबारा से ड्रिंक एंड ड्राइव का चलान आता है तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकती है। उन्हें राहत नहीं मिलेगी। इसीलिए जब भी कोई चालक शराब के नशे में है तो वह गाड़ी को बिल्कुल भी ना चलाएं, क्योंकि इसमें उसकी जान का खतरा है और जो रास्ते में राहगीर है या दूसरे वाहन चालक है उनकी जान का खतरा बना रहता है।

### हिंदी हमारी सांस्कृतिक धरोहरः शर्मा

गोहाना। जवाहरलाल नेहरू वमावि (जेएलएन) गोहाना में शनिवार को हिंदी दिवस मनाया । समारोह में गुरु और शिष्यों ने हिंदी को बढ़ावा देने व इसके संरक्षण का संकल्प लिया। मुख्य वक्ता विद्यालय के एमडी सुनील शर्मा ने कहा कि हिंदी हमारी सांस्कृतिक धरोहर का अभिन्न अंग है और इसका संरक्षण करना हमारा दायित्व है। हिंदी दिवस हमें भाषाई एकता और राष्ट्रीय एकता के महत्व को समझने का अवसर प्रदान करता है। हिंदी भाषा को बढ़ावा देने और इसके संरक्षण की जिम्मेदारी हम सब की है। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। संयोजन उप प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा का रहा। हिंदी प्राध्यापक सुशील मलिक, अध्यापिका शांति देवी, विनू और मधुबाला ने हिंदी विषय पर विस्तृत जानकारी दी।



**गोहाना।** विद्यार्थियों को हिंदी भाषा का महत्व समझाते शिक्षकगण।



**गोहाना।** विजेता विद्यार्थी अपने गुरुजनों के साथ। *फोटो :हरिभूमि*

### निबंध लेखन में अमन प्रथम

गोहाना। गांव बड़ौता स्थित राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को हिंदी दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विषय संबंधित निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने की। संयोजन हिंदी विभाग की अध्यक्ष डॉ. मीना देवी ने की। हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष के छात्र अमन अव्वल रहे। दूसरा स्थान बीए प्रथम वर्ष के छात्र दीपेंद्र ने प्राप्त किया और तीसरे स्थान पर बीए द्वितीय वर्ष के छात्र अंकुश रहे। निर्णायक मंडल में डॉ. सरिता मलिक, डॉ. विनोद कुमार और डॉ. मीना देवी शामिल रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को हिंदी दिवस का महत्व समझाया गया।

---

**कमल कप क्रिकेट टूर्नामेंटः गन्नौर ने सोनीपत तो खरखौदा ने राई को हराया**

# गन्नौर और खरखौदा के बीच होगा फाइनल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

राई स्पोर्ट्स स्कूल व मोतीलाल नेहरू खेल विश्वविद्यालय के मैदान में शनिवार को ''कमल कप क्रिकेट टूर्नामेंट'' का भव्य आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि युवा खेलों के माध्यम से नशा से दूर रहकर देशहित में आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि नायब सरकार की बेहतर खेल नीति के कारण आज हरियाणा खेलों का हब बन चुका है और राज्य के खिलाड़ी ओलंपिक सहित राष्ट्रीय स्तर पर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। टूर्नामेंट में सोनीपत की चार विधानसभाओं के भाजपा कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में सांसद कार्तिकेय शर्मा, विधायक निखिल मदान, विधायक पवन खरखोदा, विधायक कृष्णा गहलावत, मेयर राजीव जैन, पूर्व प्रत्याशी देवेंद्र कौशिक, जिला प्रभारी सतीश नांदल सहित कई नेता मौजूद रहे। दिन के पहले मैच में गन्नौर कमल ने सोनीपत कमल को 3 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई। दूसरे मुकाबले में राई कमल ने 128 रन बनाए, लेकिन खरखोदा कमल ने शानदार बल्लेबाजी कर मात्र 15 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर 5 विकेट से जीत दर्ज की। नवीन बरोना ने 71 रन की नाबाद पारी खेली और मैन ऑफ द मैच बने। वहीं राई कमल के कपिल कौशिक ने हैट्रिक लेकर प्लेयर ऑफ द मैच ट्रॉफी हासिल की।



**सोनीपत।** टूर्नामेंट के शुभारंभ मौके पर पहुंचें भाजपा प्रदेशाध्यक्ष साथ में अन्य।

### ये रहे मौजूद

खास बात यह रही कि गन्नौर की तरफ से सांसद कार्तिकेय शर्मा मैदान पर उतरे तो सोनीपत की ओर से विधायक निखिल मदान खेले। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में रविवार को खरखोदा कमल और गन्नौर कमल की टीमें आमने-सामने होंगी। विजेता टीम को आकर्षक इनाम दिए जाएंगे तथा सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। टूर्नामेंट में जिला महामंत्री तरुण देवीदास, नीरज कुमार, जिला मीडिया प्रभारी दिनेश अत्री, सोनिया मोर, आरती शर्मा, मोनू राठधना, किशोर वशिष्ठि, वीरेंद्र कौशिक, हरदीप सिंह, हरिओम शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता और गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

साउथ पॉइंट स्कूल में शनिवार को हिंदी दिवस बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक व शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया। अंतरसदनीय भाषण, कथा वाचन, हिंदी प्रश्नोत्तरी, गायन और नृत्य प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। इन प्रतियोगिताओं में विजयी रहे विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि हिंदी हमारी संस्कृति, इतिहास और संस्कारों की पहचान है। यह राष्ट्र को एक सूत्र में बांधने की शक्ति रखती है। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री ने कहा कि हर साल 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। प्रतियोगिताओं ने विद्यार्थियों के ज्ञान और प्रतिभा को सामने लाने का कार्य किया है। वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री ने अपने विचार साझा करते कहा कि हिंदी दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह हमारी जड़ों से जुड़ने का अवसर है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी भावना और कार्यकारी निदेशक डा. ममता ने संयुक्त रूप से कहा कि कार्यक्रम विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारते है।




**सोनीपत।** प्रतियोगिता में विजेता रहे विद्यार्थी प्रमाण पत्र दिखाते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

## खबर संक्षेप



### नई अनाज मंडी में 17 को होगा विश्वकर्मा पूजन

**गन्नौर।** समस्त विश्वकर्मा राज मिस्त्री एकता समिति गन्नौर की बैठक रेलवे रोड स्थित जनता स्कूल रोड स्थित एक कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के प्रधान सतीश जांगड़ा ने की। सतीश जांगड़ा ने बताया कि 17 सितंबर को शहर की नई अनाज मंडी में विश्वकर्मा पूजन का आयोजन किया जाएगा। पूजन कार्यक्रम में विधायक देवेंद्र कादियान बतौर मुख्यातिथि जबकि नपा अध्यक्ष अरुण त्यागी विशिष्ट अतिथि के रुप में शिरकत करेंगे। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### पार्टी से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

**सोनीपत।** जन्मदिन की पार्टी से लौट रहे दिल्ली निवासी युवक की देर रात सड़क हादसे में मौत हो गई। युवक अपने दोस्तों संग मुरथल में जन्मदिन की पार्टी मनाने आया था, जहां शराब पीने के बाद सभी वापस लौट रहे थे। कुंडली में टोल कर्मियों के साथ झगड़ा होने पर टैक्सी चालक ने युवकों को सडक़ पर उतार दिया। इसी दौरान युवक वाहन की चपेट में आ गया।

दिल्ली के जहांगीरपुरी स्थित जल बोर्ड प्लांट क्षेत्र निवासी नवीन कुमार ने कुंडली पुलिस को बताया कि उनका भाई हर्ष बुराड़ी डिपो में कर्मचारी था।

### तीन किलो गांजे सहित तस्कर गिरफ्तार

**गन्नौर।** गांव घसौली के युवक सुनील उर्फ मिश्रा को क्राइम यूनिट खरखौदा पुलिस ने गुप्त सूचना पर एक युवक को तीन किलो गांजे के साथ काबू किया है। क्राइम यूनिट टीम ने आरोपित के खिलाफ थाना बड़ी में केस दर्ज करवाया है। शिकायत अनुसार क्राइम यूनिट खरखौदा पुलिस टीम गश्त पर थी, तभी सूचना मिली कि पिपली खेड़ा मोड़ के पास एक युवक नशीला पदार्थ लेकर खड़ा है। सूचना पर टीम मौके पर पहुंची और युवक को पकड़ लिया। नियमानुसार जांच में उसके बैग से तीन किलो अवैध गांजा बरामद हुआ।

## दशहरा और दिवाली पर ट्रेनों में भीड़ कम करने की कोशिश

# तोहफा : मऊ से अंबाला कैंट तक चलेगी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दशहरा और दिवाली जैसे प्रमुख त्यौहारों के दौरान ट्रेनों में बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे ने यात्रियों को बड़ी राहत दी है। इसके तहत मऊ जंक्शन (उत्तर प्रदेश) से दिल्ली और सोनीपत के रास्ते अंबाला कैंट तक साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जाएगा। यह ट्रेन 2 अक्तूबर से 28 नवंबर तक कुल 18 फेरे लगाएगी।

उत्तर रेलवे के अनुसार, ट्रेन संख्या 05301 प्रत्येक वीरवार को सुबह 4 बजे मऊ जंक्शन से रवाना होगी और रात 12:30 बजे अंबाला कैंट पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 05302 प्रत्येक शुक्रवार को रात 1:40 बजे अंबाला कैंट से रवाना होकर रात 10 बजे मऊ जंक्शन पहुंचेगी। इस ट्रेन का 16 प्रमुख स्टेशनों पर ठहराव तय किया गया है। त्यौहारों पर अपने घरों को लौटने वाले प्रवासी लोगों के साथ-साथ दैनिक यात्रियों को भी इस ट्रेन से बड़ी सुविधा मिलेगी। खासकर उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा में कार्यरत वे लोग, जो त्योहारों पर अपने परिजनों के पास जाना चाहते हैं, उन्हें इस ट्रेन से सुरक्षित और सहज यात्रा का अवसर मिलेगा।



### 16 स्टेशनों पर 2-2 मिनट रूकेगी

*एसी, स्लीपर व सामान्य डिब्बों वाली साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का मार्ग में सोनीपत सहित 16 स्टेशनों पर दो मिनट का ठहराव निर्धारित किया गया है। ट्रेन मऊ जंक्शन से चलकर बेल्थारा, भटनी, देवरिया सदर, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, मनकापुर, गोंडा, बुढ़वाल, सीतापुर, बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद, दिल्ली, सोनीपत, पानीपत होते हुए अंबाला कैंट में अपनी यात्रा संपन्न करेगी। स्पेशल ट्रेन के संचालन का लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों के साथ दिल्ली-अंबाला रूट के दैनिक यात्रियों को भी फायदा मिलेगा।*

### ये रहेगा शेड्यूल

**ट्रेन संख्या 05301 (मऊ से अंबाला कैंट)**
प्रस्थानः हर गुरुवार सुबह 4:00 बजे (मऊ जंक्शन)
आगमनः रात 12:30 बजे (अंबाला कैंट)

**ट्रेन संख्या 05302 (अंबाला कैंट से मऊ)**
प्रस्थानः हर शुक्रवार रात 1:40 बजे (अंबाला कैंट)
आगमनः रात 10:00 बजे (मऊ जंक्शन)
अवधिः 2 अक्तूबर से 28 नवंबर तक
फेरेः दोनों ओर से कुल 18 है।

### रेलवे बेहतर सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध

त्योहारों के समय यात्रियों की सबसे बड़ी समस्या भीड़ और टिकट की उपलब्धता होती है। ऐसे में अतिरिक्त स्पेशल ट्रेन चलाकर यात्रियों की परेशानी को कम करने का प्रयास किया गया है। रेलवे हमेशा से यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है और त्योहारी सीजन को देखते हुए यह निर्णय यात्रियों के लिए बड़ी राहत साबित होगा।

**हिमांशु शेखर,** उपाध्याय, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर रेलवे।

# ओल्ड डीसी रोड व दयाल चौक-शनि मंदिर मार्ग का होगा पुनर्निर्माण

**लोक निर्माण विभाग ने जारी किया टेंडर, 3.73 करोड़ रुपये होंगे खर्च**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सोनीपत शहरवासियों की लंबे समय से चली आ रही परेशानी अब खत्म होने जा रही है। लोक निर्माण विभाग ने शहर की सबसे खराब हो चुकी ओल्ड डीसी रोड के पुनर्निर्माण का टेंडर जारी कर दिया है। इसके साथ ही दयाल चौक से शनि मंदिर मार्ग की मरम्मत भी करवाई जाएगी। दोनों सड़कों पर करीब तीन करोड़ 73 लाख रुपये की लागत आएगी। करीब एक वर्ष से मामा भांजा चौक से आईटीआई चौक तक ओल्ड डीसी रोड जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो चुकी थी।

### पानी निकासी की समस्या का भी होगा समाधानः मेयर



दीपक मंदिर से मामा भांजा चौक तक सीवर लाइन बिछाने के बाद स्थिति और बिगड़ गई। नगर निगम ने बरसात से पूर्व गड्ढे भरवाने का प्रयास भी किया, लेकिन सड़क पर हालत जस की तस बनी रही। टूटी सड़क के कारण आए दिन दोपहिया वाहन और ई-रिक्शा पलटने से लोग घायल हो रहे थे। स्थानीय दुकानदारों और नागरिकों ने कई बार रोष प्रदर्शन भी किया। नगर निगम और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने हालात का जायजा लेने के बाद एस्टीमेट तैयार किया और अब काम शुरू करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। मेयर राजीव जैन ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा। इसमें रोड़ी बिछाकर मास्टिक की लेयर डाली जाएगी। काम से पहले नालों की सफाई और पानी की निकासी की समस्या का समाधान भी किया जाएगा, ताकि सड़क बार-बार न टूटे। कई दौर की बैठकों के बाद ही निर्माण कार्य को सिरे चढ़ाने का फैसला लिया गया है।



## आईएमटी में रोपे बीस हजार पौधे

**खरखौदा।** वन महोत्सव के अन्तर्गत आईएमटी खरखौदा में 21000 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। डीएफओ रेनू बाला के नेतृत्व में शनिवार तक 20000 पौधे लगाए जा चुके हैं। बाकी 1000 पौधे पानी सूखने के बाद लगाए जाएंगे। इस अभियान के तहत पौधों की सुरक्षा के लिए कांटेदार तार लगाए गए हैं। खंड खरखौदा वन अधिकारी भगत सिंह ने बताया कि वन महोत्सव का उद्देश्य वृक्षारोपण को बढ़ावा देना और पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना है। वृक्षारोपण के माध्यम से वन्यजीवों के आवास को संरक्षित करना और जैव विविधता को बढ़ावा देना। पेड़ मृदा अपरदन को रोकते हैं और भूजल स्तर को बनाए रखने में मदद करते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाना चाहिए। स्थानीय समुदायों में रैलियाँ और जागरूकता अभियान आयोजित करना। पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के महत्व पर चर्चा करना, उनके उद्देश्यों में शामिल है।

# सितंबर माह बने आकाशीय घटनाओं का गवाह, 21 को लगेगा सूर्य ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सितंबर का महीना इस बार आकाशीय घटनाओं का अद्भुत गवाह बन रहा है। 7 सितंबर को चंद्रग्रहण के दौरान पूरी दुनिया ने चांद का लाल रूप देखा, जिसे भारत में भी साफ-साफ निहारा गया। अब कुछ ही दिनों में सूर्यग्रहण का दुर्लभ नजारा सामने आने वाला है। सनातन परंपरा की दृष्टि से यह पखवाड़ा बेहद खास माना जा रहा है। इस वर्ष पितृपक्ष की शुरुआत चंद्रग्रहण से हुई और समापन सूर्यग्रहण पर होगा। खास बात यह भी है कि सूर्यग्रहण के समाप्त होते ही शरदीय नवरात्र का शुभारंभ होगा। इसे अत्यंत महत्वपूर्ण खगोलीय और धार्मिक घटना के रूप में देखा जा रहा है।

### इक्विनॉक्स से पहले घटित होगा ग्रहण

यह सूर्यग्रहण सितंबर इक्विनॉक्स से ठीक पहले घटित होगा। इक्विनॉक्स यानी वह समय जब सूर्य भूमध्य रेखा के ऊपर होता है और पूरी पृथ्वी पर दिन और रात की अवधि लगभग बराबर होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ग्रहण राहु-केतु जैसे अशुभ ग्रहों के कारण होता है और इस दौरान शुभ कार्य नहीं किए जाते। मंदिरों के कपाट भी बंद रखे जाते हैं। हालांकि आचार्य मिश्रा का कहना है कि भारत में यह ग्रहण दिखाई नहीं देगा, इसलिए यहां इसका सूतक काल या धार्मिक प्रभाव मान्य नहीं होगा। भारतवासियों के लिए यह एक सामान्य दिन ही रहेगा।

### ये रहेगा सूर्य ग्रहण का समय

आचार्य मनमोहन मिश्रा के अनुसार सूर्यग्रहण 21 सितंबर को रात 11 बजे शुरू होगा और 3 बजकर 23 मिनट तक चलेगा। इसकी कुल अवधि चार घंटे से अधिक रहेगी। न्यूज़ीलैंड, पूर्वी ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण प्रशांत के कुछ हिस्सों में यह सूर्योदय के समय दिखाई देगा, लेकिन भारत और उत्तरी गोलार्ध के अधिकतर हिस्सों में यह अदृश्य रहेगा।

# छात्राओं ने रूसी संस्कृति की जानकारी की प्राप्त

**भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में क्रिएटिव कार्यशाला का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में आज रेजिडेंस छात्राओं के लिए एक क्रिएटिव कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में रूसी भाषा और संस्कृति के दर्शन के रूप में मैट्रियोश्का डिजाइन (रूस की पारम्परिक लकड़ी की गुड़िया) पर कार्य किया गया। यह कार्यशाला ऑफिस ऑफ इंटरनेशनल अफेयर्स, चीफ वार्डन ऑफिस और विदेशी भाषा विभाग के संयुक्त प्रयास से आयोजित की गई। रूसी शिक्षिका नयोझदा ने कहा कि मैट्रियोश्का ( जिसे रुस्सियन नेस्टिंग डॉल भी कहा जाता है) की खासियत यह है कि एक बड़ी गुड़िया के अंदर उसी जैसी लेकिन छोटी-छोटी गुड़िया रखी होती हैं। यानी एक गुडिय़ा के भीतर दूसरी, उसके भीतर और छोटी और ऐसे ही क्रम चलता है। यह रूसी कला और संस्कृति का प्रतीक मानी जाती है और अक्सर उपहार या सजावट के रूप में इस्तेमाल की जाती है।



गोहाना। विवि की छात्राओं के साथ रूसी शिक्षिका नयोझदा, प्रो. शालिनी व अन्य।

### मैट्रियोश्का के इतिहास, सांस्कृतिक व उद्देश्य रंगों के बारे में बताया

नयोझदा ने मैट्रियोश्का के इतिहास, सांस्कृतिक उद्धेश्य, वस्त्र विन्यास और रंगों के महत्व के बारे में जानकारी दी। प्रो. शालिनी ने कहा कि इस कार्यशाला ने न केवल छात्राओं को रूसी संस्कृति के बारे में जानने का अवसर प्रदान किया अपितु उनके लिए एक नई और रोचक अनुभव भी था। इस कार्यशाला में 40 छात्राओं ने भाग लिया। कार्यशाला में अंतर्राष्ट्रीय कार्यालय की निदेशक प्रो. इप्शिता बंसल, चीफ वार्डन प्रो. शालिनी, असिस्टेंट चीफ वार्डन दीपाली माथुर, विदेशी भाषा विभाग के फ्रेंच भाषा की अध्यापक डॉ. सुदिप्ता सील और रूसी भाषा के अध्यापक विदुषी शर्मा भी उपस्थित रहे।



गोहाना। नरेश खानपुर को सम्मानित करते हुए जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक व अन्य।

### नरेश खानपुर एससी मोर्चा के जिला महामंत्री नियुक्त

**गोहाना।** गांव खानपुर कलां के नरेश को भाजपा एससी मोर्चा के जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है। सोनीपत रोड स्थित भाजपा कार्यालय में शनिवार को जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक की उपस्थिति में यह नियुक्ति पार्टी एससी मोर्चा के अध्यक्ष अमित वाल्मिकी ने की। नवनियुक्त जिला महामंत्री ने अपनी इस नियुक्ति को लेकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली,जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक और शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया और सदैव ईमानदारी से काम करने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक, जिला महामंत्री महेंद्र चिड़ाना, जिला महामंत्री जितेन्द्र शर्मा, शेर सिंह बेडवाल, भैंसवाल मंडल अध्यक्ष सूरत सिंह, आजाद जागसी, राममेहर निनानिया, सुरेंद्र मोर, सरपंच रवि कुमार व रामचन्द्र खटक उपस्थित रहे।



### शेल्टर होम में बच्चों का जांचा स्वास्थ्य

**गोहाना।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा शनिवार को न्यात कॉलोनी स्थित शेल्टर होम में जांच शिविर लगाया गया। शिविर में नागरिक अस्पताल की टीम ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य व ओरल हेल्थ कार्यक्रम के तहत 12 बच्चों की लंबाई, वजन, खून, दांतों व सामान्य शारीरिक परीक्षण किया। शिविर में जांच के दौरान बच्चों के दांतों में दिक्कत पाई गई, जिन्हें इलाज के लिए सिविल अस्पताल बुलाया गया। इस शिविर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. चक्रवर्ती शर्मा के अलावा दंत चिकित्सक डॉ. राकेश रोहिल्ला ने बच्चों की जांच की। उन्हें दांतों की देखभाल के लिए प्रेरित किया गया। इसके बाद बच्चों को ब्रश व टूथपेस्ट भी वितरित किए गए। शेल्टर होम के स्टाफ को भी बच्चों के खानपान व साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए भी कहा गया।

# टीका राम शिक्षण संस्था को अपने पूर्व विद्यार्थियों पर गर्व : सुरेंद्र सिंह

- टीकाराम की पूर्व छात्रा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार विजेता सुनीता दहिया ढूल के सम्मान में समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

टीका राम शिक्षा महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार विजेता सुनीता दहिया ढूल के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। सुनीता दहिया ढूल वर्तमान में पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मुरथल, सोनीपत में भूगोल विषय की स्कूल लेक्चरर के पद पर कार्यरत हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सिंह राणा ने बताया कि सुनीता दहिया ढूल टीका राम शिक्षा महाविद्यालय की 1995-96 सत्र की पूर्व छात्रा हैं। उन्होंने इससे पहले कई विद्यालयों में सामाजिक विज्ञान व भूगोल विषय अध्यापन किया है। सुनीता दहिया ढुल राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्राथमिक उपचार प्रशिक्षिका भी हैं और विभिन्न सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों, स्काउट एवं गाइड तथा सहगामी क्रियाओं में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर चुकी हैं। इन योगदानों के लिए उन्हें अनेक संस्थाओं व सरकार द्वारा सम्मानित किया गया है।




सोनीपत। समारोह के दौरान सुनीता दहिया को सम्मानित करते हुए संस्था के प्रधान एवं अन्य।

### प्रधान सुरेंद्र ने की अध्यक्षता

इस अवसर पर टीका राम शिक्षा संस्था के प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया ने समारोह की अध्यक्षता की। उन्होंने सुनीता दहिया ढूल को स्मृति चिन्ह और शाल भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही महाविद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं को भी समारोह में आमंत्रित किया गया था। टीका राम शिक्षा संस्था को अपने पूर्व विद्यार्थियों पर गर्व है। उन्होंने टीका राम शिक्षा महाविद्यालय से प्राप्त अनुभवों को अपने अच्छे शिक्षक बनने की नींव बताया और अपने गुरुजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# गन्नौर में 28 सितंबर को होगा सर्वजातीय सर्वखाप सम्मेलन

- लिव इन रिलेशनशिप और समलैंगिक विवाह जैसी सामाजिक बुराइयां समाप्त की जाएं : अशोक मलिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गन्नौर में कोर्ट कॉम्पलेक्स के समीप चिराग गार्डन में 28 सितंबर को सर्वजातीय सर्वखाप सम्मेलन आयोजित होगा। सम्मेलन प्रातः 10 बजे शुरू होगा जिसमें विभिन्न खापों के अलावा सरपंच एसोसिएशन व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस सम्मेलन में विभिन्न सामाजिक कुरीतियों व मुद्दों को लेकर विचारविमर्श किया जाएगा। गठवाला खाप के राष्ट्रीय महासचिव अशोक मलिक ने कहा कि आज के समय समाज में लिव इन रिलेशन और समलैंगिक विवाहजैसी सामाजिक कुरीति का चलन बढ़ रहा है। इस कुरीति को समाप्त किया जाए। समगोत्र, गांव व गोहांड में शादी करना भी सामाजिक मान्यताओं व सामाजिक भाईचारे के खिलाफ है। ऐसा नहीं होना चाहिए। अशोक मलिक ने कहा कि चाहे कोर्ट मैरिज हो या फिर साधारण शादी उसमें लडक़े और लडक़ी के माता-पिता की सहमति होना आवश्यक है। यदि मां-बाप न हों तो सगे-संबंधी जैसे ताऊ, चाचा, मामा व फूफा होने पर उनकी सहमति होना अनिवार्य माना जाए। समलैंगिक विवाह व नशे जैसी बुराइयों को भी समाज से नष्ट किया जाए।

### ये होंगे संगठनकर्ता और आयोजक

*सम्मेलन के संयोकर्ता सर्वजातीय सर्वखाप पुराना रोहतक व राजेंद्र प्रधान जटवाड़ा-360 सोनीपत होंगे। इस सम्मेलन के आयोजक लववंशीय लौर खत्री खाप एवं ग्राम पंचायत पांची जाटान होंगे।*

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

**कार्रवाई** सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की पालना करते हुए प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने की कार्रवाई

# 600 किलोग्राम बम-पटाखे किए सील

**प्रदूषण विभाग के पर्यावरण अभियंता एवं रीजनल ऑफिसर निर्मल कुमार ने किया नेतृत्व**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की पालना करते हुए प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने एनसीआर क्षेत्र में बम-पटाखों पर कार्रवाई की। विभाग की टीम ने 600 किलों ग्राम अवैध रूप से रखे बम-पटाखें पकड़े और उन्हें गैपिल को डिस्पोज के लिए लिखा। अब उन्हें गैपिल विभाग डिसपोज करेगा। सनपेड़ा गांव के पास कार्रवाई करते हुए प्रदूषण विभाग के वरिष्ठ पर्यावरण अभियंता एवं रीजनल ऑफिसर निर्मल कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान प्रदूषण विभाग की टीम पूरी मौजूद थी।



गन्नौर। प्रदूषण विभाग के वरिष्ठ पर्यावरण अभियंता एवं रीजनल ऑफिसर निर्मल कुमार कार्रवाई करते हुए।

### आदेशों की अवहेलना नहीं होगी बर्दाश्त

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में प्रदूषण को नियंत्रित करने और लोगों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से पटाखों की बिक्री और इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया हुआ है। प्रदूषण विभाग ने टीम गठित कर छापेमारी की और मौके पर बम-पटाखे बरामद किए। अधिकारियों ने अवैध रूप से पटाखों का कारोबार करने पर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की। प्रदूषण विभाग के वरिष्ठ पर्यावरण अभियंता एवं रीजनल ऑफिसर निर्मल कुमार ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे दीपावली या अन्य अवसरों पर पटाखों का प्रयोग करने से बचें और पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभाएं। वरिष्ठ पर्यावरण अभियंता निर्मल कुमार ने कहा कि एनसीआर क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति, व्यापारी या संस्था को पटाखों की बिक्री, भंडारण और प्रयोग की अनुमति नहीं है। यदि कोई भी इस आदेश का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ विभाग द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

### दी चेतावनी

निर्मल कुमार ने बताया कि त्योहारों के दौरान बम-पटाखों की मांग बढ़ जाती है, ऐसे में कई दुकानदार और अवैध कारोबारी चोरी-छिपे बिक्री करने लगते हैं। अब विभाग ने चेतावनी दी है कि किसी भी स्तर पर ऐसी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदूषण विभाग की टीम ने बरामद किए गए बम-पटाखों को सील कर सुरक्षित स्थान पर जमा कराया है। वरिष्ठ पर्यावरण अभियंता निर्मल कुमार ने चेताया कि इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और आने वाले समय में और भी छापेमारियां होंगी।

